_/_/_

Tender Heart High School, Sector 33-B, Chandigarh

Date-                                  Class - V
Subject - Hindi Language            Page - 1
Subject Teacher - Ms. Roma Rani

## 'विशेषण'

सुप्रभात प्यारे बच्चो !

आज हम इस पाठ में 'विशेषण' का अगला भाग पढ़ेंगे । पिछले पाठ में हमने विशेषण की परिभाषा एवं गुणवाचक विशेषण के बारे में जाना था । आज हम विशेषण के अगले भेदों के बारे में समझेंगे ।

(2) **संख्यावाचक विशेषण** :- जिन विशेषण शब्दों से संज्ञा या सर्वनाम शब्दों की संख्या की जानकारी मिले, उसे संख्यावाचक विशेषण कहते हैं । जैसे :-

• तीस छात्र • एक दर्जन केले • तीन रुपए आदि ।

संख्यावाचक विशेषण के दो प्रकार होते हैं -

* निश्चित संख्यावाचक
* अनिश्चित संख्यावाचक

(क) **निश्चित संख्यावाचक** :- ये विशेषण की संख्या की निश्चित जानकारी देते हैं ।

जैसे :- • तीन हाथी
• चार पुस्तकें
• दस लड़कियाँ

(ख) **अनिश्चित संख्यावाचक विशेषण** :- ये विशेषण संख्या

Scanned with CamScanner

Date -                                   Class - V
Subject - Hindi Language                 Page - 2
Subject Teacher - Ms. Roma Rani

संख्या की निश्चित जानकारी नहीं देते।
जैसे :- • कुछ रुपए • बहुत लोग • कम बच्चे।

(3) परिमाण वाचक विशेषण :- किसी वस्तु की माप-तौल का बोध कराने वाले विशेषण परिमाण वाचक विशेषण कहलाते हैं।
जैसे :- • चार लीटर दूध चाहिए।
• दो किलो चीनी काफी रहेगी।
• तीन मीटर कपड़ा दे दो।

परिमाण वाचक विशेषण के दो भेद होते हैं -
(क) निश्चित परिमाण वाचक विशेषण :- ये विशेष्य का निश्चित परिमाण बताते हैं। जैसे :- • दो किलो चावल
• तीन मीटर कपड़ा
• चार लीटर तेल
(ख) अनिश्चित परिमाण वाचक विशेषण :- ये विशेष्य का निश्चित परिमाण नहीं बताते। जैसे :- • कुछ दूध • थोड़ा पानी
• इतना खाना आदि।

(4) सार्वनामिक विशेषण :- जिन सर्वनामों का संज्ञा से पहले प्रयोग करके विशेषण का काम लिया जाता है, वे सार्वनामिक विशेषण कहलाते हैं। जैसे :- • वह लड़का आ गया।
• कुछ लड्डू दीजिए।
• यह पुस्तक मेरी है।

Scanned with CamScanner

_/_/_

Date -                                   Class- V
Subject- Hindi Language            Page - 3
Subject Teacher- Ms. Roma Rani

## सर्वनाम और सार्वनामिक विशेषण में अंतर

जो शब्द संज्ञा के स्थान पर प्रयुक्त होते हैं, वे सर्वनाम कहलाते हैं और जो सर्वनाम शब्द संज्ञा से पहले लगकर विशेषण का कार्य करते हैं, वे सार्वनामिक विशेषण कहलाते हैं।

उदाहरण :- वह - वह कक्षा में प्रथम आया। (सर्वनाम)
वह लड़का कक्षा में प्रथम आया (सार्वनामिक विशेषण)
कौन - कौन रो रहा है? (सर्वनाम)
कौन बालक रो रहा है? (सार्वनामिक विशेषण)

## गृह कार्य

• निम्नलिखित वाक्यों में आए विशेषण शब्दों के नीचे रेखा खींचिए तथा उनके प्रकार लिखिए।

(क) वह बुद्धिमान् व्यक्ति है।
(ख) मैं चार केले खाऊँगा।
(ग) कोई आदमी चिल्ला रहा है।
(घ) माँ ने बाज़ार से 500 ग्राम टमाटर खरीदे।
(ङ) वह लड़की गाती है।
(च) राधा ने लाल चूड़ियाँ पहनी हैं।
(छ) राहुल कल अपने पिता जी के साथ घूमने गया।
(ज) आकांक्षा ने बहुत सुंदर कार खरीदी है।

बच्चो! आप इस कार्य को स्वयं अपनी उत्तर-पुस्तिका में करेंगे।

धन्यवाद!
Last page.

Scanned with CamScanner